आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 30.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. उप–राज्यपाल एडमिरल डीके जोशी की उत्तराखंड के उप–राज्यपाल से मुलाकात– पर्यटन विकास से संबंधित व्यापक संभावनाओं पर चर्चा ।

2. कचरे का सही निपटान नहीं करने पर श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से कार्रवाई की जाएगी ।

3. वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर में स्थापित 'अवसर एसएचजी बिक्री काउंटर' का उद्घाटन।

4. राजकीय शहीद स्मारक हम्फ्रीगंज स्थित बलिदान वेदी पर आज इक्यासीवीं शहादत वर्षगांठ का कार्यक्रम।

<><><><><><><>

अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में उप–राज्यपाल और द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी के जोशी ने भाग लिया। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, मुलाकात कर पर्यटन और आतिथ्य परियोजनाओं के विकास से संबंधित व्यापक संभावनाओं पर चर्चा की।

<><><><><><><>

सरकार ने चौंतीस हजार करोड़ रुपये से अधिक के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दे दी है। हरित प्रौद्योगिकियों को प्रोत्साहन देने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के लिए एक लचीला मूल्य श्रृंखला बनाने का निर्णय लिया गया है। कल नई दिल्ली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अर्थव्यवस्था के विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये खनिज प्रौद्योगिकियां ऊर्जा संक्रमण, कृषि, रक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, परिवहन, एयरोस्पेस, परमाणु और अन्य क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खनिजों की खोज, खनिज ब्लॉकों को प्राप्त करने और खनिजों के आयात पर निर्भरता को कम करने के लिए देश की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से इस मिशन को मंजूरी दी गई है। सरकार ने गन्ना फीडस्टॉक से इथेनॉल खरीद की कीमत को भी मंजूरी दे दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इथेनॉल मिश्रण ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद की है। इसके परिणामस्वरूप एक लाख तेरह हजार करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की

बचत हुई है। उन्होंने कहा कि इथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम से किसानों को भी लाभ हुआ है और पिछले वित्तीय वर्ष में किसानों को इसके लिए चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से ठोस अपशिष्ट उपनियम, दो हजार सत्रह के अनुसार कचरे के निपटान के लिए जुर्माना और उचित कार्रवाई का प्रावधान लगाया जाएगा। उपनियमों के प्रावधान के तहत, सभी अपशिष्ट कचरों को अलग से जमा करना होगा और परिषद के नियंत्रण कक्ष से संपर्क करना होगा। परिषद सात दिनों के भीतर कचरे का निपटान करेगा। इसे सुविधाजनक बनाने के लिए, अनारकली, एआईआर रोड वीआईपी रोड, डेयरी फार्म और डॉलीगंज में संबंधित सड़क निर्माण जूनियर इंजीनियरों द्वारा अपशिष्ट भंडारण इकाइयां स्थापित की गई हैं। परिषद ने संग्रहण और परिवहन के लिए नौ सौ रूपये प्रति टन का शुल्क निर्धारित किया गया है। इसके अलावा उल्लंघनकर्ता को पांच हजार प्रति टन का जुर्माना देना होगा। इसके लिए लोग ऑनलाइन फॉर्म भरकर या नियंत्रण कक्ष में दो तीन एक एक सात नौ पर फोन कर कचरा उठाने का अनुरोध कर सकते हैं।

इसके अलावा आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत स्वच्छ भारत मिशन – शहरी 2.0 द्वारा आयोजित वार्षिक स्वच्छता मूल्यांकन मे श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस के लिए सक्रिय रूप से भाग ले रही है। इसके लिए शहर के लोगों से आधिकारिक स्वच्छ सर्वेक्षण दो हजार चौबीस सार्वजनिक प्रतिक्रिया फ़ॉर्म के माध्यम से अपनी प्रतिक्रिया साझा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में कल बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सेना, नौसेना, अंडमान निकोबार पुलिस और अंडमान निकोबार महिला पुलिस बैंड ने प्रस्तुतियां दीं। इन बैंडों की विभिन्न धुनों पर प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। इसके बाद चारों बैंडों ने सामूहिक रूप से ....सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तां हमारा....की धुन पर प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों में देशभक्ति का समा बांध दिया। समारोह में स्कूली छात्रों द्वारा देशभक्ति गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। बीटिंग रिट्रीट समारोह के समापन से पहले भव्य आतिशबाज़ी भी की गई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर में स्थापित 'अवसर एसएचजी बिक्री काउंटर' का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा, हवाई अड्डा निदेशक देवेंद्र यादव और ग्रामीण विकास निदेशक सपना प्रिया उपस्थित थे। यह नव स्थापित बिक्री काउंटर प्रशासन और ए ए आई के सहयोग के तहत स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को आवंटित दूसरी ऐसी पहल है। यहां पर्यटक एसएचजी सदस्यों द्वारा तैयार किए गए स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों को खरीद सकते हैं। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रस्थान सम्मेलन में यह बिक्री काउंटर न केवल हमारे स्थानीय कारीगरों की दृश्यता को बढ़ाएगा, बल्कि पर्यटकों को द्वीपसमूह की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाएगा। हवाई अड्डा निदेशक  ने इस पहल के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह एक ऐसा स्थान प्रदान करता है जहां स्वयं सहायता समूह के सदस्य आगंतुकों से सीधे जुड़ सकते हैं, जिससे उनके उत्पाद अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकते हैं।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कल श्रीहरिकोटा से इसरो द्वारा जीएसएलवी–F15 के सौवें प्रक्षेपण को देश की अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। मीडिया से बातचीत करते हुए डॉ. सिंह ने इस बात पर बल दिया कि देश के अंतरिक्ष क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और निवेश दोनों में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने देश के अंतरिक्ष क्षेत्र की नींव रखने में विक्रम साराभाई और सतीश धवन के योगदान की सराहना की। डॉ. सिंह ने कहा कि नब्बे प्रतिशत विदेशी उपग्रह प्रक्षेपण इसरो के माध्यम से किए जा रहे हैं। वर्तमान आठ बिलियन डॉलर की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगले दशक में चवालीस बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में आज इक्यासीवीं शहादत वर्षगांठ मनाई जाएगी। राजकीय शहीद स्मारक हम्फ्रीगंज स्थित बलिदान वेदी पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। तीस जनवरी उन्नीस सौ चवालीस में जापानी सेना ने झूठे जासूसी के आरोप में चवालीस द्वीपवासियों को मार गिराया था।

इस बीच, आपदा प्रबंधन निदेशालय की ओर से भी शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। आज दिन में दस बजकर उनसठ मिनट पर सुनामी सायरन बजाया जाएगा और दो मिनट का मौन रखा जाएगा।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में शारीरिक प्रशिक्षक इंस्ट्रक्टर के पद पर भर्ती की जाएगी। उम्मीदवारों को कौशल परीक्षा में भाग लेने के लिए आज सुबह दस बजे संस्थान के ए वी हॉल में उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

नेताजी स्टेडियम में कल हुए बीटिंग रिट्रीट समारोह के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर में अवसर एसएचजी बिक्री काउंटर के उद्घाटन के समाचार को भी प्रमुखता दी है। अंडमान क्रोनिकल ने भी इस खबर को अपनी पहली सुर्खी बनाई है। मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ गृह मंत्रालय के अपर सचिव के द्वीपसमूह दौरे के समाचार को द्वीप समाचार में जगह मिली है। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद द्वारा कचरे के नियमानुसार निपटान न करने पर कार्रवाई की जाएगी–द इको ऑफ इंडिया की खबर है। बिल्लीग्राउंड के पटवारखाने में राजस्व शिविर लगाए जाने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रथम पृष्ठ के मध्य में सचित्र प्रकाशित किया है। बाल देखभाल संस्थान, सेवा निकेतन में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी में जगह मिली है।

<><><><><><><>